## सार-समाचार

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**उदयपुर, (कासं)।** महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र जिला उदयपुर पुलिस सर्कल हिरणमगरी पुलिस थाना की ओर से महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी देने हेतु अलग-अलग स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम हुए। विधिक पराशर्मदाता दीपिका वैष्णव ने बताया कि शहर के अमृत भारती पब्लिक स्कूल सेक्टर 12 व राजकीय उमावि सवीना खेड़ा सेक्टर 9 की बालिकाओं को महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, आसपास किसी भी तरह से परेशान किये जाने पर, उनके साथ छेड़छाड़, यौन शोषण, बाल विवाह प्रतिरोध व अपनी सुरक्षा कैसे करें इसके बारें में बताया। उन्होंने बताया कि बालिकाएं ऐसी किसी भी घटना की जानकारी वन स्टॉप सेन्टर 8058003066 व महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र (महिला थाना) के नंबर 0294-2488339 पर दी सकती है। साथ ही उन्हें महिला हेल्पलाइन-181 की भी जानकारी दी गई। इस दौरान सीमा गोठवाल, गरिमा बारहठ, कीर्ति जैन, प्रेम सिंह चौहान व अमृत भारती स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लीलादेवी कुमावत, अनिता गगवाल, अमृता कुावल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा सामाजिक परामर्शदाता की जशोदा डांगी द्वारा लकड़वास आंगनवाड़ी केन्द्र तथा ठाम में घर-घर जाकर महिलाओं को केन्द्र की जानकारी दी गई।

### एडीएम प्रशासन ने ली बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** राजकीय सेवाओं में नवनियुक्त कार्मिकों के सम्मान के लिए 17 सितम्बर को प्रस्तावित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारी बैठक शनिवार को जिला कलक्टर के निर्देशन एवं एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में एडीएम चेम्बर में हुई। जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम के सुखाड़िया रंगमंच सभागार में होगा। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नवनियुक्त कार्मिकों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे। बैठक में एडीएम प्रशासन राठौड़ ने रोजगार उत्सव को लेकर विभाग वार नवनियुक्त कार्मिकों की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को रोजगार उत्सव में नवनियुक्त कार्मिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संबंधित विभागों को प्रभारी अधिकारी नियुक्त करने, कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त कार्मिकों का रजिस्ट्रेशन करने के लिए कार्मिकों की ड्यूटी लगाने के लिए भी निर्देशित किया। एडीएम ने जिला रोजगार अधिकारी संकेत मोदी एवं सीएमएचओ डॉ शंकर बामणिया को कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त कार्मिकों के स्वागत सत्कार तथा वेलकम किट प्रदान करने को लेकर आवश्यक तैयारियां करने, सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने, नगर निगम के अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी को आयोजन स्थल सुखाड़िया रंगमंच में व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडीएम राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चयनित नवनियुक्त कार्मिकों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे।

### युवक ने फंदा लगा की आत्महत्या

**डूंगरपुर, (निसं)।** चौरासी थाना क्षेत्र के जीवली का वाटा गांव में एक युवक ने अपने घर में चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बहन ने देखा तो खेतों में काम कर रहे पिता को बताया। पिता चाकू से फंदा काटकर युवक को अस्पताल लेकर गए, लेकिन बेटे की जान नहीं बचाई जा सकी। फिलहाल पुलिस पोस्टमॉर्टम करवाकर जांच कर रही है। चौरासी थाने के हेड कांनि. ईशवरलाल ने बताया कि जीवली का वाटा गांव निवासी देवीलाल डामोर ने रिपोर्ट में बताया कि वह और उसकी पत्नी घर के पास झाडियां काट रहे थे। इस दौरान उनकी बेटी ने आकर बताया की भाई अनिल घर के अंदर चुन्नी से लटका हुआ है। जिस पर परिजन दौडकर घर के अंदर गए। वहीं, चुन्नी को काटकर उसे नीचे उतारा और गैंजी अस्पताल ले गए। चिकित्सको ने उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया, जहां जांच के बाद डॉक्टर ने अनिल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर चौरासी थाना पुलिस डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में शिफ्ट कराया। वहीं, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### गोदाम से अंग्रेजी शराब चोरी

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र में तिजवड गांव में स्थित सरकारी शराब के गोदाम को चोरों ने निशाना बनाया। गोदाम के न ताले टूटे और ना ही कोई दरवाजा या दीवार टूटी। इसके बाद भी गोदाम से महंगी ब्रांड की अंग्रेजी शराब चोरी हो गई। गोदाम में लगे सीसीटीवी में 2 चोर दिखाई दे रहा हैं, हालांकि पुलिस गोदाम के ही किसी कर्मचारी पर शक जता रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाने के एएसआई ने बताया कि सागवाडा रोड पर तिजवड के पास सरकारी शराब का गोदाम है। डिपों के सुपरवाइजर मैनेजर दीपेश कलाल पुत्र हीरालाल कलाल निवासी घडमांला की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। इसमें बताया कि 7 सितंबर को गोदाम में महंगी ब्रांड की अंग्रेजी शराब की चोरी हुई है। गोदाम से महंगे ब्रांड के 17 कार्टन चोरी हुए हैं, लेकिन इसका पता बाद में चला। गोदाम में खोजबीन की गई, लेकिन कोई पता नहीं लगाए जबकि गोदाम का न तो ताला टूटा था और न ही दरवाजा और दीवार। ऐसे में गोदाम में महंगी ब्रांड की शराब की चोरी कैसे हुई यह रहस्य बना हुआ है।

# नंदसमंद बांध पर मनाया जिला स्तरीय जल महोत्सव

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान सरकार के जल संसाधन विभाग द्वारा जलझूलनी एकादशी पर प्रदेश व्यापी राजस्थान जल महोत्सव- 2024 का आयोजन ग्राम पंचायत उपली ओडन स्थित नन्दसमन्द बांध पर किया। महोत्सव का मुख्य आकर्षण नन्दसमन्द बाँध का ओवरफ्लो होना रहा। जिस पर विधि-विधान के साथ जल पूजन किया गया। जल संसाधन खंड एक्सईएन प्रतीक चौधरी ने बताया कि विधायक दीप्ति महेश्वरी ने बनास नदी की विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद आयोजित

- बनास नदी की विधिवत पूजा कर जल संरक्षण का किया आव्हान



मुंडोल में आयोजित कार्यक्रम को विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने सम्बोधित किया।

कार्यक्रम में उन्होंने जल के महत्व पर प्रकाश डाला।

विधायक माहेश्वरी ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। हम सभी से विनम्र अपील करते हैं कि जल संरक्षण को अपनी दैनिक आदतों में शामिल करें, क्योंकि पानी जीवन का आधार है। छोटे-छोटे प्रयास जैसे-बारिश के पानी को संचित करना और पानी का सही उपयोग करना से जल बचा सकते हैं। यदि हम आज जल बचाएंगे तो कल हमारी आने वाली पीढियां सुरक्षित रहेंगी। हम जल संरक्षण की जिम्मेदारी निभाएं और धरती के इस अमूल्य संसाधन को बचाने में अपना योगदान दें। जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी ने भी जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इसी प्रकार भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विधायक ने जल और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पौधारोपण भी किया। समारोह के दौरान उन्होंने सभी को यह संदेश दिया कि जल का संरक्षण ही भावी पीढी को सुरक्षित और समृद्ध भविष्य प्रदान कर सकता है। इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसडीएम रक्षा पारीक, राजीविका की जिला परियोजना प्रबंधक सुमन अजमेरा, प्रदीप काबरा, राजेश्वर त्रिपाठी, पंकज लढा, मातृशक्ति सहित अन्य मौजूद थे।राजस्थान सरकार द्वारा संपूर्ण राज्य में आयोजित राजस्थान जल महोत्सव कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मुंडोल में मुख्य अतिथि विधायक दीप्ति माहेश्वरी, उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता, उप प्रधान सुरेश कुमावत, पंचायत समिति सदस्य प्रकाश पालीवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहन कुमावत, नानालाल सिंगल, हितेश जोशी, महेंद्रसिंह राठौड के सानिध्य में किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि पृथ्वी पर जीवन के लिए शुद्ध जल एवं वायु एक अनमोल प्राकृतिक सम्पदा है और इसके बिना जीवन संभव नही है। इसलिए हमे जीवन में प्रकृति प्रदत्त जल का सदैव सदुपयोग और संरक्षण करना चाहिए। विकास अधिकारी महेश गर्ग ने बताया कि जल महोत्सव कार्यक्रम की जानकारी व जल के महत्व को बताया। सरपंच नारायण सिंह ने बताया कि ढोल-नगाडे की मधुर धुन पर प्रभु चारभुजा नाथ की साक्षी में सर्वप्रथम विधिपूर्वक जल पूजन किया गया। अथितियों का स्वागत सरपंच नारायण सिंह राठौड एवं ग्रामीणों ने किया। अंत में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने जल संरक्षण-प्रकृति संरक्षण के लिए उपस्थित जन समुदाय को शपथ दिलाई। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी राजकुमार खोलिया, कृषि अधिकारी गणपत लाल लोहार, ग्राम विकास अधिकारी अर्जुनसिंह राठौड आदि मौजूद रहे।

# लखदातार की छवि ने मन मोहा

**राजसमंद, (निसं)।** शहर के जल चक्की चौराहे पर जेसी ग्रुप की ओर से आयोजित गणपति महोत्सव में शुक्रवार रात को आयोजित भजन संध्या में कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को तडके 3 बजे तक भक्ति की डोर से बांधे रखा। नगर परिषद सभापति व ग्रुप के अध्यक्ष अशोक टांक में बताया कि भजन संध्या की शुरुआत गायक उमेश पुरोहित ने गणपति, गुरु एवं बालाजी की वंदना प्रस्तुत करते हुए की। इसके बाद गायिका मंजू गुर्जर ने जलझूलनी एकादशी की पूर्व संध्या पर प्रभु चारभुजानाथ को नमन करते हुए मारा चारभुजा रा नाथ मापे रखजो आशीर्वाद थारा चरणां में आया ठाकुरजी व मारा चारभुजा रा नाथ मांगू जो तो सगलो दिजे जोडू दोनों हाथ... भजन पेशकर भक्तों को ठाकुरजी की भक्ति में खूब नचाया। उसके बाद उन्होंने तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना... भजन पेश कर वे भक्तों को सीधे खाटू नगरी ले गई। इसके बाद पिंटू सेन और सुखलाल सेन ने सुन ले सांवरिया मण्डफिया वाला काली गाडी लानी रे... भजन पेश कर भक्तों की ओर से सांवरिया सेठ के चरणों में अर्जी लगाई। उन्होंने लगन लागी मारा द्वारकाधीश प्रभु थारा दर्शन री... भजन पेशकार ठाकुरजी की धरती से ही उन्हें नमन किया।

## जश्ने ईद-मिलादुन्नबी कल

**डूंगरपुर, (निसं)।** मुस्लिम समुदाय द्वारा जश्ने ईद-मिलादुन्नबी पर्व 16 सितम्बर को शानो-शौकत के साथ मनाया जायेगा। जानकारी देते हुए पंच मोडासियान के सदर अब्दुल हाफिज चौहान एवं सैकेट्री हाजी मोहम्मद अनिस ने संयुक्त रूप से बताया कि सोमवार प्रातः 10 बजे घाटी स्थित मदीना मस्जिद से जुलूस रवाना होगा।

# जलझूलनी एकादशी पर निकली शोभायात्रा

**कपासन/भीण्डर, (निसं)।** जलझूलनी एकादशी पर कस्बे के 11 मंदिरों से गाजे बाजे के साथ राम रेवड़ियां आखाड़ा प्रदर्शन के साथ शुरू हुई। दुर्गा वाहिनी का अखाड़ा प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र बना हुआ हैं। शाम को कस्बे के राजेश्वर सरोवर तालाब पर ठाकुर जी को स्नान कराकर सामूहिक पूजा हुई।



दुर्गा वाहनी शक्ति साधना केंद्र की बच्चियों ओर युवतियों ने भी हैरत अंगेज अखाड़ा प्रदर्शन किया


जलझूलनी ग्यारस के अवसर पर कस्बे के श्री चारभुजा नाथ मंदिर, श्री कल्याण राय जी मंदिर, अस्थल मंदिर, सुथार समाज के राम जानकी मंदिर, लोहार समाज के मंदिर, नृसिंह द्वारा, रघुनाथ द्वारा, कावडिया मंदिर, गोपाल द्वारा और लक्ष्मी नाथ मंदिर और सुनारा मंदिर से सजे धजे बेवाणों में ठाकुर जी को विराजित किया गया। और गाजे बाजे के साथ रेवड़ियां शुरू हुई। इसके साथ ही कस्बे के बजरंग व्यायाम शाला से अखाड़ा निकाला। इसके साथ ही इस बार बजरंग दल के जिला सह संयोजक रोहित सिंह राजपूत के अनुसार लम्बे अनवरत प्रयास के पश्चात दुर्गा वाहनी शक्ति साधना केंद्र की बच्चियों ओर युवतियों ने भी हैरत एंगेज अखाड़ा प्रदर्शन किया , जो नगर में विशेष आकर्षण का केंद्र बना। नगर के अपने अपने मन्दिर से गाजे बाजे के साथ लोडकिया चोक बैवान मे बालरुप में सुसज्जित होकर पहुंचे। जहा से सभी राम रेवड़ियां एक के पीछे एक होकर पीपली बाजार, पुलिस चौकी सुनारा मंदिर चोक होते हुए शाम को राजेश्वर सरोवर तालाब पहुंची। जहां ठाकुर जी को स्नान करवाया गया।जहा एकादशी का कथा का आयोजन हुआ। सभी भगवान की आरती किया गया व प्रसाद का भोग लगाकर भक्तजनों में वितरित किया गया। वहीं विधायक अर्जुनलाल जीनगर पहुंचे ओर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

**भीण्डर संवाददाता के अनुसार :** नगर एवं आसपास क्षेत्र में शनिवार को जलझूलनी एकादशी पर विभिन्न मन्दिरों के ठाकुरजी बेवाण में बिराजित होकर शोभायात्रा के रुप में दवेला तालाब पर पहुंचे। वहां पर ठाकुर जी को स्नान व पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा के रुप में पुनः मन्दिर पहुंचे। वहीं भीण्डर के आराध्यदेव प्रसिद्ध नृसिंह भगवान का रथ भव्य शोभायात्रा के साथ शाम 5 बजे रवाना हुआ। जिसमें ठाकुरजी गुलाल से सराबोर होकर सरोवर तक पहुंचे।

नृसिंह भगवान को चांदी के बेवाण में शेषनाग सिंहासन में बिराज करके मन्दिर से भव्य शोभायात्रा के रुप में रवाना हुए। वहां से ही श्रद्धालु अबीर-गुलाल उडाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा सर्राफा बाजार, रावलीपोल चौक, सदर बाजार, मोचीवाडा, बाहर का शहर, रामपोल बस स्टेण्ड, दवेला घाटी रोड होते हुए दवेला तालाब पर पहुंचे। शोभायात्रा के दौरान बैण्डबाजों की धून पर श्रद्धालु नाचते-गाते अबीर गुलाल उडाते हुए चल रहे थे। वहीं युवतियां व महिलाएं थिरकती हुई चल रही थी।

## सार-समाचार

### शहर भ्रमण पर निकले ठाकुरजी



**डूंगरपुर, (निसं)।** देवझुलनी एकादशी का पर्व जिले भर में शनिवार को श्रद्धां व भक्ति भावना के साथ मनाया तथा इस दौरान जगह-जगह से रामरेवाडियां निकाली गई जिनकी श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर शहर के जूना महल, लक्ष्मीवरजी मंदिर, आपाबाई मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर सुथारवाडा, लक्ष्मीनारायण मंदिर पारेवा डेयरी, भावसारवाडा स्थित राधाकृष्ण मंदिर, फौज का बडला स्थित रणछोडजी मंदिर तथा नागर मंदिर से राम रेवाडियां भजन कीर्तन के साथ निकली तो पूरे शहर का वातावरण धर्ममयी हो गया। इसके पश्चात सभी रामरेवाडियां गेपसागर की पाल पर पहुंची। जहां पर भगवान को स्नान करवाकर पूजा अर्चना की तथा परम्परा के अनुसार राज परिवार से पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात देर शाम को सभी रेवाडियां अपने स्थान पर पहुंची। जब कि खडायता समाज की रेवाडी देर रात्रि तक पाल पर ही रूकी। जहां पर पूजा अर्चना के पश्चात मध्य रात्रि को मंदिर स्थल पर पहुंची। इस दौरान मंदिरों में विशेष भजन कीर्तन के आयोजन किये गये तथा श्रद्धालुओं ने नई फसल के फल भगवान को चढायें। इस अवसर पर मंदिरों में भगवान का आकर्षक श्रृंगार व मंदिरों को सजाया भी गया। शोभायात्रा के दौरान कानुन व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

### माहीडेम पर मनाया जल महोत्सव

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जलझूलनी एकादशी के दिन राजस्थान जल महोत्सव 2024 अंतर्गत माही बजाज सागर बांध पर जिला स्तरीय जल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री धन सिंह रावत, बांसवाडा प्रधान बलवीर रावत, जिला परिषद् सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच कटियोर, खेर डाबरा, बोर खेडा रहे। अतिथियों ने माही बांध की पूजा-अर्चना कर माही माता की स्तुति की। माहीडेम स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। छात्र विकास चरपोटा ने माही नदी पर माही बजाज सागर बांध के संबंध में काव्य पाठन किया। जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल स्वर्णकार ने उत्सव मनाने के उद्देश्यों तथा आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रधान बलवीर ने क्षेत्र में जल संरक्षण के महत्त्व तथा उपयोग की जानकारी दी। पूर्व राज्य मंत्री धनसिंह ने कार्यक्रम में माही बजाज सागर बांध के बनने से पूर्व तथा बाद की स्थिति से अवगत कराते हुए जल की महत्ता बताई। उन्होंने जल को मितव्ययता से काम में लेने तथा सिंचाई कार्यो में जल का सही उपयोग करने पर बल दिया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने डांगडी-ढोल तथा गैर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता धीरज जौहरी, अधिशाषी अभियन्ता माही प्रकाश चन्द्र रेगर, जीतेन्द्र वर्मा, वन विभाग के सहायक वन संरक्षक ममता मूंद, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक दिलीप यादव आदि मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय रथोत्सव 19 से

**डूंगरपुर, (निसं)।** जैन समाज के पर्युषण पर्व के समाप्ति के पश्चात तीन दिवसीय रथोत्सव 19 सितम्बर गुरूवार से प्रारंभ होंगे। प्रवक्ता पियुष घाटिया, रवि सेठ व बदामीलाल वखारिया ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रथम दिन 19 सितम्बर को रात्रि 8 बजे घाटी स्थित मामा-भानजा मंदिर से, फौज का बडला,माणक चौक यहां से कोटडिया जैन मंदिर का रथ साढे आठ बजे शामिल होकर दोनों रथ सोनिया चौक, कंसारा चौक, विजय चौक होते हुए गेपसागर की पाल पर पहुंचेगे। दोनो रथों का रात्रि विश्राम गेपसागर की पाल ही रहेंगा। जहां पर श्रद्वालु रथों के सम्मान में डांडिया नृत्य करेंगे। इसके पश्चात 20 सितम्बर शुक्रवार को दिन भर दर्शनार्थी का मेला लगा रहेगा। शाम को डांडिया नृत्य के पश्चात रात्रि 11 बजे दोनो रथ वापस शहर की ओर प्रस्थान करेंगे। जिसमे कोटडिया मंदिर का रथ तो भण्डार कर दिया जायेगा। जब कि मामा-भानजा मंदिर का रथ दो घण्टे माणक चौक में रहेंगा जहां पर श्रद्वालु डांडिया नृत्य करेंगे। इसके पश्चात रथ को माणक चौक से फौज का बडला होते हुए घाटी स्थित मामा-भानजा मंदिर ले जाकर भण्डार कर दिया जायगा। वही दूसरी ओर 12 की मध्य रात्रि को फौज का बडला उण्डा मंदिर से रथ निकाला जायेगा जो गेपसागर की पाल पर लाया जायगा जहां रात्रि विश्राम करेगा। 21 सितम्बर शनिवार को देर रात्रि तक गेपसागर की पाल इसके पश्चात माणक चौक में भुलमणी व गैर नृत्य खेलने के पश्चात 22 सितम्बर रविवार भौर में रथ के भण्डार के साथ ही तीन दिवसीय रथोत्सव को सम्पन्न होगा।

### विफा ने दी अखाड़ों को सहयोग राशि

**बांसवाड़ा, (निसं)।**विप्र फाउंडेशन तलवाडा की ओर से तलवाडा के दो अखाडों को 1100-1100 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गयी। विप्र फाउंडेशन के प्रदेश सचिव नवनीत त्रिवेदी, जिला संरक्षक हरिवंश त्रिवेदी, सुरेश भट्ट ने आगामी समय में सनातनी अखाडों को आधूनिक स्वरूप देने का संकल्प जताया। इस अवसर पर मारुति व्यायाम शाला के कपिल रावल, शक्ति बुनकर, प्रशांत गोरी, दिव्य त्रिवेदी, राजेश मीणा, ईशान सोमपुरा आदि मौजूद रहे वहीं वीर बजरंग व्यायाम शाला के सदस्यों ने भी सहयोग प्रदान किया।

# सांवलिया जी सेठ की रथयात्रा निकली

**मंडफिया, (निसं)।** मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के त्रिदिवसीय मेले के दूसरे दिन जलझूलनी एकादशी को भगवान सांवलिया जी सेठ की विशाल रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा दोपहर 12 बजे मंदिर में रजत ( चांदी) जड़ित रथ में भगवान सांवलिया जी सेठ की छवि ग्रह विराजित कर मंदिर पुजारी द्वारा विषेश पूजा अर्चना की गई। मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन एवं मंदिर के मुख्य निष्पादन अधिकारी राकेश कुमार ने एवं

- लाखों श्रद्धालुओं ने किए भगवान सांवलिया जी सेठ के दर्शन
- तीन दिवसीय मेले का समापन आज



मेले के दूसरे दिन जलझूलनी एकादशी पर्व पर सांवलिया सरोवर में भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के संग स्नान करने का आनंद उठाते भक्त जन।

बोर्ड सदस्यों ने भगवान के दर्शन कर रथयात्रा की अगवानी की। इस मौके पर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से सर्वत्र वातावरण कृष्ण भक्ति में ओत प्रोत हो गया। इस मौके पर लाखों श्रद्धालु जन उपस्थित थे। रथयात्रा में गुलाब की पंखुड़ियों व गुलाल, अबीर की वर्षा से मंदिर परिसर एवं समूचा कस्बा महक उठा।

रथयात्रा में भक्त भगवान के चंवर ढुलाते, भजन कीर्तन करते, नाचते गाते, ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। रथयात्रा में विभिन्न बैंड पार्टियों की मधुर धुनों से एवं अन्य वाद्य यंत्रो की धुनों से सर्वत्र वातावरण कृष्ण भक्ति में ओत प्रोत हो गया। भगवान की विशाल रथयात्रा मंदिर परिसर से धीमी गति से बढ़ते हुए शिव मंदिर चौक, गढ़ी का देवरा, कबूतर खाना होते हुए सांवलिया जी सरोवर पहुंचीं। जहां भगवान के बाल विग्रह की पूजा अर्चना कर स्नान कराया गया। इस मौके पर हजारों भक्तों ने भगवान सांवलिया जी सेठ के संग स्नान करने का खूब आनंद उठाया।

रथयात्रा का जगह-जगह ग्रामवासियों ने स्वागत किया। इधर मंडफिया निवासी सांवलिया भक्त मदनलाल माली की ओर से हजारों भक्तों को ताजा आरो पानी पिलाया गया। एकादशी का मेला आज पूर्ण यौवन पर था। चारों ओर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा रथयात्रा में मंदिर मंडल की ओर से काजू-बादाम, दाख व मिश्री के प्रसाद का भगवान को भोग लगाकर भक्तों को वितरण किया गया।

भगवान के स्नान के पश्चात रथयात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर परिसर में पहुंची। रथयात्रा के मंदिर में पहुंचे के पश्चात मंदिर पर रंग बिरंगी आतिशबाजी की गई। आतिशबाजी देख भक्त भाव विभोर हो रहे थे। बीती रात को कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम,भजन संध्या एवं रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां रात भर चली और भक्तों का मनमोह रही थी। मेलें में विभिन्न खाद्य सामग्रियों एवं खिलौनों की खूब बिक्री हुई। जलझूलनी एकादशी पर्व पर अनेक धर्म प्रेमियों द्वारा भी मेले में पधारने वाले भक्तों को भोजन,फल एवं फलहारी सामग्री निशुल्क वितरण कर पुण्य कमाया। मेले में मनोरंजन के लिए भक्तों ने झूला,चकरी व डोलर में झूलने का खूब आनंद लिया। इस विशाल त्रि दिवसीय जलझूलनी एकादशी मेले का समापन रविवार को होगा। जिसमें विकलांगों को निशुल्क मोटोराईर्ज्ड स्कूटी वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह व कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## कांग्रेस का स्वतंत्र प्रत्याशी उतारने की मांग

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जून खडगे और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को पत्र भेजकर चौरासी विधानसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी का स्वतंत्र प्रत्याशी उतारने की मांग की है। जिलाध्यक्ष वल्लभराम पाटीदार ने पत्र में बताया है कि डूंगरपुर जिलेभर के कांग्रेसजन चौरासी विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के स्वतंत्र प्रत्याशी उतारे जाने के पक्ष में एकमत है और किसी भी अन्य दल के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं करना चाहते है। सभी कांग्रेस से जुडे लोग विश्वास दिलाते है कि उपचुनाव में चौरासी सीट जीतकर कांग्रेस की झोली में डालेंगे। कार्यकर्ता रात दिन मेहनत करेंगे और उपचुनाव जीतने का प्रयास करेंगे। पत्र में बताया है कि बीएपी की ओर से किसी के साथ समझौता नहीं करने की खबरें जिले में प्रकाशित हुई है। जिले का आम कांग्रेस कार्यकर्ता गठबंधन के पक्ष में नहीं है। गठबंधन नहीं करने आगामी पंचायत राज चुनाव में पार्टी को फायदा मिलेगा। ऐसे में चौरासी सीट पर पार्टी का स्वतंत्र प्रत्याशी उतारा जाएं। पत्र पर पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, विधायक गणेश घोघरा, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप जिला प्रमुख प्रेमकुमार पाटीदार, पूर्व विधायक पूंजीलाल परमार, दीक्षांत पाटीदार, लक्ष्मणदास, वीरेंद्रसिंह सिसोदिया, सुरेश भोई, मनोज पाटीदार, जिपस गुलशन मनात सहित कांग्रेसजनों के हस्ताक्षर है।

# हिन्दी के मजबूत होने से राष्ट्र मजबूत होगा : प्रो. दुबे




राजकीय कन्या महाविद्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करती प्राचार्या डॉ.सरला पंड्या।

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ.सरला पंड्या की अध्यक्षता में हिंदी दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। प्रो. पंड्या ने हिंदी के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालते हुए हिंदी के समक्ष चुनौतियों से अवगत कराते हुए कहा कि अंग्रेजी भाषा सीखनी चाहिए लेकिन नहीं आने पर हीनभावना की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि अपनी भाषा हिंदी का स्तर यदि ऊंचा नहीं हो तो इसको बढाने का प्रयास करना चाहिए। हिंदी ने भारत को एकता के सूत्र में बांधा। प्रो.सर्वजीत दुबे ने कहा कि भोजपुरी मेरी मातृभाषा है जिसे बोलने में उन्हें कोई दिक्कत नहीं लेकिन लिखने का उनका अभ्यास नहीं है। संस्कृत में लिखने और बोलने में विशेष अभ्यास की जरूरत है। हिंदी को न पढने में दिक्कत है, न लिखने में और न किसी विषय को धाराप्रवाह रूप से हिंदी में अभिव्यक्त करने में क्योंकि चाहे जो भी भाषा बोलूं, दिल धडकता है हिंदी में। उन्होंने बताया कि हिंदी ने भारत को एकता के सूत्र में बांधकर अंग्रेजों से मुक्ति दिलाई और हिंदी के मजबूत होने से हमारा राष्ट्र मजबूत होगा। प्रो. डॉ. प्रमोद वैष्णव ने कहा कि संस्कृत और इंग्लिश दोनों भाषाएं हमने स्नातक में पढीं और दोनों भाषाओं का शिक्षक भी बना लेकिन हिंदी से प्रेम का नाता है क्योंकि हिंदी के द्वारा ही समाज में हम सभी को संगठित करते हैं। अतरू एक से अधिक भाषा जरूर जाननी चाहिए लेकिन हृदय की भाषा हिंदी ही रहेगी।

डॉ. रक्षा निनामा ने कहा कि हम सभी अपने विषय को हिंदी में अभिव्यक्त करके विद्यार्थियों तक पहुंचाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने हरिवंश राय बच्चन की कविता कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती...... सुनाकर छात्राओं को प्रेरित किया। सहायक आचार्य डॉ. प्रकाश गिरी गोस्वामी ने कुमार विश्वास की कविता कोई दीवाना कहता है... का सस्वर पाठ करके दिल जीत लिया। संचालन करते हुए डॉ.विजय सिंह ने कविताओं और उदाहरणों के माध्यम से हिंदी की महत्ता बताई।

